



# संशोधन प्रपत्र

यह संशोधन प्रपत्र आज दिनांक 23-09-2010 को स्थान देहरादून (1) **श्रीमती शशि गर्ग** धर्मपत्नी श्री किशोर कुमार गर्ग **एवं (2) श्री वैभव गर्ग** पुत्र श्री किशोर कुमार गर्ग, निवासीगण 72 राजपुर रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड **दोनों साझेदार मैसर्स बिजनेस प्वॉइन्ट द्वारा अपने मुख्तारेआम श्री अविनाश कान्त शर्मा** पुत्र श्री भगवान दास शर्मा, निवासी 145 धर्मपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड (जिनको इस प्रपत्र में प्रथम पक्ष कहकर सम्बोधित किया गया है)।

........ प्रथम पक्ष

## ने

**श्री अमित मल्होत्रा** पुत्र श्री एन0 सी0 मल्होत्रा, निवासिनी 7/9 भगवान दास क्वार्ट्स, देहरादून, उत्तराखण्ड (जिनको इस प्रपत्र में द्वितीय पक्ष कहकर सम्बोधित किया गया है) **के पक्ष में अंकित व निष्पादित किया है।**

........ द्वितीय पक्ष

विवरण लेख-पत्र में दिया गया है।

Online Nakal -UKNKL2024040407982,SUNIL SINGH RAGHAV 9897938368

Online Nakal -UKNKL2024040407982,SUNIL SINGH RAGHAV,9897938368

भारतीय गैर न्यायिक

एक सौ रुपये Rs. 100

रु. 100 ONE HUNDRED RUPEES

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

उत्तराखण्ड UTTARAKHAND E 088315

Online Nakal -UKNKL20240404079 SUNIL SINGH RAGHAV 9897938368

## संशोधन प्रपत्र

यह संशोधन प्रपत्र आज दिनांक 23-09-2010 को स्थान देहरादून (1) **श्रीमती शशि गर्ग** धर्मपत्नी श्री किशोर कुमार गर्ग एवं (2) **श्री वैभव गर्ग** पुत्र श्री किशोर कुमार गर्ग, निवासीगण 72 राजपुर रोड़, देहरादून, उत्तराखण्ड **दोनों साझेदार मैसर्स बिजनेस प्वॉइन्ट द्वारा अपने मुख्तारेआम श्री अविनाश कान्त शर्मा** पुत्र श्री भगवान दास शर्मा, निवासी 145 धर्मपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड (जिनको इस प्रपत्र में प्रथम पक्ष कहकर सम्बोधित किया गया है)।

......... **प्रथम पक्ष**

**ने**

**श्री अमित मल्होत्रा** पुत्र श्री एन० सी० मल्होत्रा, निवासिनी 7/9 भगवान दास क्वार्ट्स, देहरादून, उत्तराखण्ड (जिनको इस प्रपत्र में द्वितीय पक्ष कहकर सम्बोधित किया गया है) **के पक्ष में अंकित व निष्पादित किया है।**

......... **द्वितीय पक्ष**

479/22-9-10 150/- अमित मल्होत्रा s/o श्री एन.सी. मल्होत्रा नि. दे. …

| INSTRUMENT(CORRECTION) | | प्रलेख सं 337 बही 1 | प्रतिफल रु0 | मालियत रु0 |
|---|---|---|---|---|
| INSTRUMENT/CORRECTION | | | 0.00 | 0.00 |
| रजिस्ट्रेशन शुल्क | प्रतिलिपि शुल्क | इलेक्ट्रानिक प्रोसेसिंग शुल्क | कुल योग | शब्द लगभग |
| 100.00 | 10.00 | 140.00 | 250.00 | 1000 |

श्री / श्रीमती / कुमारी अमित मल्होत्रा
पुत्र / पुत्री / पत्नी श्री एन सी मल्होत्रा
पेशा अन्य
निवासी भगवान दास क्वार्टस देहरादून

ने आज दिनांक 23/09/2010 समय 3:19 pm
को कार्यालय उपनिबन्धक (चतुर्थ)देहरादून
मे प्रस्तुत किया

उपनिबन्धक (चतुर्थ)देहरादून
23-Sep-2010

अमित मल्होत्रा

तहरीर व तकमील दस्तावेज से व वसूलयाबी प्रलेखानुसार
0.00 रु नकद / पूर्व प्राप्त कर श्री / श्रीमती
अविनाश कान्त शर्मा s/o भगवान दास शर्मा , धर्मपुर देहरादून/

ने निष्पादन स्वीकार किया । इस लेखपत्र का निष्पादन क्रेता श्री
अमित मल्होत्रा s/o एन सी मल्होत्रा , भगवान दास क्वार्टस देहरादून/

ने भी स्वीकार किया । जिनकी पहचान
श्री गुलशन शर्मा
पुत्र श्री टी आर शर्मा
पेशा अन्य
निवासी लाडपुर देहरादून
व श्री सुशील कुमार
पुत्र श्री आर के शर्मा
पेशा अन्य
निवासी एम डी डी ए देहरादून
ने की।

उपनिबन्धक (चतुर्थ)देहरादून
23-Sep-2010

Online Nakal UKNKL2024040407982, SUNIL SINGH RAGHAV 9897958368

जैसा कि प्रथम पक्ष ने द्वितीय पक्ष के पक्ष में एक दुकान संख्या–216 भाग सम्पत्ति संख्या–75ए राजपुर रोड, देहरादून जिसका कुल क्षेत्रफल 410 वर्गफुट अर्थात 38.09 वर्गमीटर है, जो कि पूर्ण निर्मित है, (बिना छत के अधिकारों के) का एक विक्रय विलेख दिनांक 06–10–2005 अंकित व निष्पादित किया था, जिसका पंजीकरण कार्यालय उपनिबन्धक सदर–द्वितीय, जिला देहरादून में बही संख्या–1, जिल्द संख्या 1440, के पृष्ठ संख्या 422, अतिरिक्त फाईल बुक संख्या–1, जिल्द संख्या–1521 के पृष्ठ संख्या–337 से 348 में प्रलेख संख्या–6381 पर दिनांक 06–10–2005 को विधिवत् पंजीकृत हुआ है।

और जैसा कि प्रथमपक्ष ने श्री अविनाश कान्त शर्मा पुत्र श्री भगवान दास शर्मा, निवासी 145 धर्मपुर, देहरादून, उत्तराखण्ड के पक्ष में उपरोक्त सम्पत्ति के सन्दर्भ में एक सामान्य प्रतिनिधि पत्र दिनांक 26–12–2002 अंकित व निष्पादित किया हुआ है, जिसका पंजीकरण कार्यालय उपनिबन्धक देहरादून में बही संख्या–4, जिल्द संख्या 130, के पृष्ठ संख्या 32, अतिरिक्त फाईल बुक संख्या–4, जिल्द संख्या–143 के पृष्ठ संख्या–309 से 320 में प्रलेख संख्या–2371 पर दिनांक 27–12–2002 को विधिवत् पंजीकृत हुआ है।

और जैसा कि प्रथमपक्ष ने द्वितीय तल पर स्थित दुकान संख्या–214, 215 एवं 216 कि सम्पूर्ण छत जिसका कुल क्षेत्रफल 1400 वर्गफुट है, पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18–01–2001 के माध्यम से क्रय किया था।




और जैसा कि उपरोक्त द्वितीय तल की छत पर दुकानें निर्मित करने हेतु एम0डी0डी0ए0, देहरादून से मानचित्र पूर्व स्वामी द्वारा ही स्वीकृत कराया जा चुका था। प्रथमपक्ष द्वारा तदानुसार द्वितीय तल की छत पर दुकानों का निर्माण किया गया तथा निर्माणोपरान्त वह दुकानें तृतीय तल पर निर्मित सम्पत्ति/दुकानें कहलायी तथा तृतीय तल की दुकान होने के कारण उपरोक्त दुकानों का नम्बर 314, 315 व 316 अंकित हुआ, परन्तु प्रथमपक्ष द्वारा द्वितीयपक्ष के हक में जो उपरोक्त विक्रय विलेख दिनांक 06–10–2005 को अंकित व निष्पादित किया गया था, उसमें टंकण की त्रुटि के कारण दुकान नं0–316 के स्थान पर दुकान नं0–216 अंकित हो गया तथा तृतीय तल अंकित होने से भी छूट गया, जिसका संशोधन सम्पत्ति की सही पहचान एवं चिन्हित करने के लिए वर्तमान संशोधन–प्रपत्र के माध्यम से होना आवश्यक एवं उचित है।

अतः यह संशोधन–पत्र निम्न दर्शाता है :–

1– यह कि प्रथम पक्ष ने द्वितीय पक्ष के पक्ष में उपरोक्त विक्रय विलेख दिनांक 06–10–2005 अंकित व निष्पादित किया था। उक्त विक्रय

Online Nakal -UKNKL2024040407982,SUNIL SINGH RAGHAV 9897938368

Book No. 1 Registration Year 2010 Registration No 337

| | | | |
|---|---|---|---|
|  |  |  |  |
|  |  |  |  |
| अविनाश कान्त शर्मा | अमित मल्होत्रा | गुलशन शर्मा | सुशील कुमार |

Online Nakal -UKNKL2024040407982,SUNIL SINGH RAGHAV,9897938368

उपरोक्त साक्षीगण भद्र प्रतीत होते हैं । सभी के अंगुष्ठ चिन्ह नियमानुसार लिये गये है ।

उपनिबन्धक (चतुर्थ)देहरादून

विलेख में सूची सम्पत्ति निम्नानुसार असंशोधित टंकित हो गयी थी :–

## सूची सम्पत्ति (असंशोधित)

एक दुकान संख्या–216 भाग सम्पत्ति संख्या–75ए राजपुर रोड़, देहरादून जिसका कुल क्षेत्रफल 410 वर्गफुट अर्थात 38.09 वर्गमीटर है, जो कि पूर्ण निर्मित है, (बिना छत के अधिकारों के), जिसे संलग्न मानचित्र में पूर्णरूप से दर्शाया गया है, जिसकी सीमाएं व नाप निम्न प्रकार है :–

| | | |
|---|---|---|
| पूरब में | :– | सम्पत्ति विक्रेतागण जो आज ही अन्य विक्रय पत्र के माध्यम से श्रीमती निधी घेसी को विक्रय की जा रही है, सीमा में नाप 41 फिट |
| पश्चिम में | :– | खुली छत, सीमा में नाप 41 फिट |
| उत्तर में | :– | कॉमन पैसेज, सीमा में नाप 10 फिट |
| दक्षिण में | :– | खुला भाग एवं पार्किंग भूतल पर, सीमा में नाप 10 फिट |

2– यह कि उक्त विक्रय विलेख में वर्णित सूची सम्पत्ति में टंकण की त्रुटि के कारण "दुकान नं0–316" के स्थान पर "दुकान नं0–216" अंकित हो गया तथा "तृतीय तल" अंकित होने से भी छूट गया है। साथ ही साथ टंकण की त्रुटि के कारण उक्त विक्रय विलेख के पृष्ठ संख्या–11 में वर्णित चरण संख्या–4 की द्वितीय पंक्ति में भी शब्द "द्वितीय तल" टंकित हो गया है। जबकि वास्तविकता **"तृतीय तल में स्थित दुकान नं0–316"** ही उपरोक्त विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रीत, अन्तरित व हस्तान्तरित की गयी थी। उक्त टंकण त्रुटि उक्त विक्रय विलेख में वर्णित सूची सम्पत्ति में तथा पृष्ठ संख्या–11 में वर्णित चरण संख्या–4 की द्वितीय पंक्ति में गलत टंकित हो गयी है, जिसको वर्तमान संशोधन–प्रपत्र के माध्यम से संशोधित किया जा रहा है।

3– यह कि मूल दस्तावेज का अध्ययन करते हुए उक्त त्रुटि का ज्ञान हुआ और इस संशोधन पत्र के माध्यम से त्रुटि को संशोधित किया जा रहा है।

4– यह कि उपरोक्त वर्णित विक्रय विलेख दिनांक 06–10–2005 में वर्णित सही सूची विक्रीत सम्पत्ति निम्नानुसार पढ़ी व समझी जावे :–

Online Nakal -UKNKL20240404047082,SUNIL SINGH RAGHAV,9897938368

Online Nakal -UKNKL2024040407982,SUNIL SINGH RAGHAV,9897938368

## सूची सम्पत्ति (संशोधित)

तृतीय तल पर स्थित एक दुकान संख्या-316 भाग सम्पत्ति संख्या-75ए राजपुर रोड़, देहरादून जिसका कुल क्षेत्रफल 410 वर्गफुट अर्थात 38.09 वर्गमीटर है, जो कि पूर्ण निर्मित है, (बिना छत के अधिकारों के), जिसे संलग्न मानचित्र में पूर्णरूप से दर्शाया गया है, जिसकी सीमाएं व नाप निम्न प्रकार है :-

पूरब में :- सम्पत्ति श्रीमती निधी धेरी, सीमा में नाप 41 फिट

पश्चिम में :- खुली छत, सीमा में नाप 41 फिट

उत्तर में :- कॉमन पैसेज, सीमा में नाप 10 फिट

दक्षिण में :- खुला भाग एवं पार्किंग भूतल पर, सीमा में नाप 10 फिट

5- यह कि वर्तमान संशोधन प्रपत्र से उपरोक्त पंजीकृत विक्रय विलेख में क्षेत्रफल, स्थल, सीमायें एवं सीमाओं की नाप पूर्वानुसार मूल विक्रय विलेख की हैं तथा किसी प्रकार से परिवर्तन नहीं हुआ है और न ही स्टाम्प शुल्क बढ़ा है और न ही उक्त विक्रय विलेख के आकार व प्रकृति में ही अन्तर आया है। मात्र उक्त विकय विलेख दिनांक 06-10-2005 की सूची सम्पत्ति में तथा पृष्ठ संख्या-11 में वर्णित चरण संख्या-4 की द्वितीय पंक्ति में ही वर्तमान संशोधन-प्रपत्र के माध्यम से संशोधन किया गया है।

6- यह कि यह संशोधन-पत्र उपरोक्त वर्णित मूल विक्रय विलेख दिनांक 06-05-2010 का अभिन्न भाग है व भाग रहेगा।

7- यह कि संशोधन-प्रपत्र में जहां-जहां शब्द प्रथम पक्ष व द्वितीय पक्ष आया है उससे उसका तात्पर्य उसके हित प्रतिनिधि, अन्तरिती, वारिसान तथा दायाद से लगाया जावेगा तथा समझा जावेगा।


Online Nakal -UKNKL2024040407982,SUNIL SINGH RAGHAV 9897938368

**रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1908 की धारा 32-ए के अनुपालन हेतुः-**

प्रथमपक्ष का नाम :- (1) श्रीमती शशि गर्ग एवं (2) श्री वैभव गर्ग दोनों साझेदार मैसर्स बिजनेस प्वॉइन्ट द्वारा अपने मुख्तारेआम श्री अविनाश कान्त शर्मा

*(Left Hand) बॉये हाथ की अंगुलियों के चिन्ह*

अंगुष्ठ तर्जनी मध्यमा अनामिका कनिष्ठिका



*(Right Hand) दॉये हाथ की अंगुलियों के चिन्ह*

अंगुष्ठ तर्जनी मध्यमा अनामिका कनिष्ठिका



Online Nakal -UKNKL2024040407982,SUNIL SINGH RAGHAV,9897938368

सत्यमेव जयते

द्वितीयपक्ष का नाम :– **श्री अमित मल्होत्रा**

*(Left Hand) बाँये हाथ की अंगुलियों के चिन्ह*

अंगुष्ठ | तर्जनी | मध्यमा | अनामिका | कनिष्ठिका



*(Right Hand) दाँये हाथ की अंगुलियों के चिन्ह*

अंगुष्ठ | तर्जनी | मध्यमा | अनामिका | कनिष्ठिका



अतः यह संशोधन-प्रपत्र आज दिनांक 23-09-2010 को स्थान-देहरादून में अंकित किया गया है ताकि सनद् रहे और समय पर काम आवे।

प्रथम पक्ष
द्वारा अपने-मुख्तारेआम

द्वितीय पक्ष

साक्षीगण :–

(1) GULSHAN SHARMA S/o Dr. K. K. Sharma
C-5/4 (BALLI) ESTATE
LADPUR D.DUN

(2) [illegible]

रचयिता :– ए० एस० वाधवा एडवोकेट, कोर्ट कम्पाउण्ड, देहरादून (उत्तराखण्ड)।
पक्षकारों ने स्वयं के चित्रण स्वयं पुष्ट किये।

Online Nakal -UKNKL2024040407982,SUNIL SINGH RAGHAV,8897938368

Online Nakal -UKNKL202404040407982,SUNIL SINGH RAGHAV,9897938368

बही नम्बर 1 जिल्द 20 पृष्ठ 171 से 184

में रजि० नम्बर 337 पर आज दिनांक 23-Sep-2010

में रजिस्ट्री की गयी ।

उप निबन्धक (चतुर्थ)देहरादून
23-Sep-2010

PRITI MANJERY
Digitally signed by PRITI MANJERY
Date: 2024.09.28 10:10:09 +05'30'